**CERTIFICATE IN ACCOUNTING TECHNICIANS**

**FOUNDATION COURSE (ENTRY LEVEL)—PART I EXAMINATION**

December 2010 *CAT–2(ACT)*

**Accounting**

Time Allowed: 3 Hours Full Marks: 100

*The figures in the margin on the right side indicate full marks.*

## SECTION I

*Answer Question No. 1 which is compulsory and any two questions from the rest of Section I.*

1. (a) In each of the following, one is correct, indicate the correct answer: 1×9=9

(i) Opening Capital Rs. 30,000, Closing Capital Rs. 15,000, Loss during the year Rs. 8,000. Drawings Rs. 7,000, Additional Capital introduced will be:

(A) Nil (B) 8,000

(C) 16,000 (D) 23,000

(ii) On purchase of goods of the list price of Rs. 10,000 from Ram who allowed 10% trade discount and charged 10% Value Added Tax (VAT), Purchases Account to be debited with:

(A) Rs. 10,000 (B) Rs. 9,000

(C) Rs. 9,900 (D) None of these

(iii) Goods costing Rs. 1,000 (Sale Price Rs. 1,200) used in making furniture should be credited to:

(A) Sales Account with Rs. 1,200 (B) Sales Account with Rs. 1,000

(C) Purchases Account with Rs. 1,000 (D) Furniture A/c with Rs. 1,000

(iv) In Cash Book Debit balance of Rs. 112 was brought forward as credit balance of Rs. 121. While preparing a Bank Reconciliation Statement taking the balance as per Cash Book as the starting point:

(A) Rs. 112 to be added (B) Rs. 233 to be added

(C) Rs. 121 to be added (D) Rs. 112 to be subtracted

(v) Sales Rs. 3,00,000, Profit = 1/3rd on cost, Cost of goods available for sale Rs. 5,00,000, Purchases Rs. 1,00,000, Closing Inventory is:

(A) Rs. 2,00,000 (B) Rs. 3,00,000

(C) Rs. 2,75,000 (D) None of these

(vi) Date of purchase 1.7.2009, Purchase Price of an old Machine Rs. 80.000, Repairs Rs. 15,000, Installation Charges Rs. 5,000, Residual Value Rs. 20,000, Useful life 4 years, Accounting year—financial year. Date when Machine was put to use—1.10.2009. Depreciation for the year 2009-2010 will be:

(A) Rs. 20,000 (B) Rs. 15,000

(C) Rs. 10,000 (D) None of these

(vii) H's Trial Balance contains the following information:

| | Rs. |
|---|---|
| Bad debts | 3,000 |
| Discount allowed | 3,000 |
| Provision for discount on debtors | 3,200 |
| Provision for Doubtful debts | 3,500 |
| Sundry Debtors | 50,000 |

At the end of the year, it is desired to maintain a provision for Doubtful debts at 10% and provision for discount on debtors at 4%. Sundry Debtors will appear in the Balance Sheet at a figure of:

(A) Rs. 43,200 (B) Rs. 39,744

(C) Rs. 44,700 (D) None of thses

(viii) 2000 kg of apples are consigned to a wholesaler, the cost being Rs. 3 per kg *plus* Rs. 400 of freight, it is known that a loss of 15% is unavoidable. The effective cost per kg will be:

(A) Rs. 2.50 (B) Rs. 3.76

(C) Rs. 1.70 (D) Rs. 1.50

(ix) On 1.4.09 X drew a bill of Rs. 1,00,000 after sight for 3 months on Y who accepted the bill on 1.5.09. On 4.6.09, the bill was discounted at 12% p.a. At maturity, the bill returned dishonoured, due to Y's insolvency, noting charges Rs. 500 and 40 paisa in a rupee is recovered from Y's estate. The amount of deficiency in Y's books will be:

(A) Rs. 60,000 (B) Rs. 40,000

(C) Rs. 60,300 (D) Rs. 40,200

(b) Fill in the blanks: 1×5=5

(i) Reserve for discount on creditors has a __________________ balance.

(ii) WDV Rate of Depreciation = ____________________________________.

(iii) Discount charges on discounting a bill receivable accepted by consignee are debited to _______________ account.

(iv) Only __________________ property may be the subject matter of consignment and joint venture.

(v) The term of bill after sight commences from the date of ____________________.

(c) State the reasons whether the following statements are **True** or **False**: 2×8=16
(No marks shall be awarded if reason is not given)

(i) Prudence is a concept to recognize realized losses and not profits.

(ii) Straight Line Method of Depreciation is followed to have a uniform charge for depreciation and repairs together.

(iii) Net Profit is reflected in higher cash balances.

(iv) The relationship between a Consignee and a Consignor is that of a principal and an agent.

(v) Deferred Revenue Expenditure is current year's revenue expenditure to be paid in later years.

(vi) Fixed assets are valued at cost or net realizable value, whichever is lower.

(vii) Contingent liability is an unascertained liability but its amount and due date are determinate.

(viii) Discount columns of the cash book may show *either* debit balance *or* credit balance.

2. (a) Give one word or phrase that describe the following: $\frac{1}{2}\times10=5$

(i) Making provision for doubtful debts is an application of which Accounting Principle?

(ii) Accounting of a small calculator as an expense and not as an asset is an application of which Accounting Principle?

(iii) Appending notes to the financial statements is an application of which Accounting Principle?

(iv) An entry of which credit and debit aspects are simultaneously recorded in the cash book?

(v) The source document used for recording entries in the Returns Outward Book.

(vi) The error which arises when the transaction is recorded ignoring the distinction between the Capital item and Revenue item.

(vii) The order in which the least liquid asset is shown first and the most urgent payment to be made is shown last.

(viii) Nature of Provision for Depreciation Account.

(ix) Nature of Provision for Doubtful Debts Account.

(x) The type of accounts which are never balanced but are closed.

(b) State the basic object of: $1\times5=5$

(i) Preparing Bank Reconciliation Statement.

(ii) Preparing the Trial Balance.

(iii) Opening a Suspense Account.

(iv) Using Profit and Loss Adjustment Account in the rectification of errors.

(v) Preparing Income Statement.

3. (a) Show the Accounting equation for the following transactions of Rakesh Bihari Mittal: $\frac{1}{2}\times6=3$

(i) Sold goods costing Rs. 30,000 for Rs. 50,000 to Shyam.

(ii) Purchased household goods for Rs. 15,000 giving Rs. 5,000 in cash and the balance through a loan.

(iii) Received Rs. 49,500 from Shyam in full settlement of an account of Rs. 50,000.

(iv) Paid Salary Rs. 500 and Salary still outstanding Rs. 100.

(v) Paid Rent-in-advance Rs. 200.

(vi) Withdrew goods for personal use (Cost Rs. 500, Sale Price Rs. 600).

(b) Journalize the following transactions in the books of Anju Mittal: $1\times3=3$

(i) Received Rs. 975 from Shyam on his account of Rs. 1,000.

(ii) Sold goods costing Rs. 40,000 to Anil at a profit of 20% on sales less 20% trade discount and charged 10% Value Added Tax.

(iii) Vishal Pandey paid Rs. 975 towards a debt of Rs. 1,000 which was written off as bad in the previous year.

(c) Pass the necessary rectifying entry for the following errors in the subsidiary books of Prarthana Mittal, a dealer in cloth: 1×4=4

(i) A cash sale of Goods to X Rs. 17 posted as Rs. 71.

(ii) A credit sale of Goods to Y Rs. 17 posted as Rs. 71.

(iii) A credit sale of Furniture to Z Rs. 17 posted as Rs. 71.

(iv) A credit sale of Goods of Rs. 423 to Krishan passed through the Purchase Book as Rs. 432 and posted therefrom to the credit of Kishan as Rs. 423.

4. Answer *any four* of the following: 2.5×4=10

(a) X draws on Y a bill for Rs. 2,00,000 on 1.4.09 for 3 months. Y accepts the bill and sends it to X who gets it discounted for Rs. 1,95,000. X immediately remits Rs. 97,500 to Y. On due date, X being unable to remit the amount due accepts a bill for Rs. 1,20,000 for 2 months which is discounted by Y for Rs. 1,17,600. Y sends Rs. 7,800 to X out of the same. How much discount will be borne by X at the time of remittance of Rs. 7,800?

(b) Bharat Tushar Ltd. which depreciates its machinery at 10% p.a. on diminishing balance method, had on 1st April, 2009 Rs. 29,160, to the debit of Machinery Account. On 31st March, 2010, the company decided to change the method of depreciation to straight line method with effect from 1st April, 2006, the rate of depreciation remaining the same. Pass the necessary journal entry on account of change in method of depreciation.

(c) On 1.7.2009, Nikita Mittal commenced her business with Rs. 5,00,000. On 1.10.2009 she sold her private investments (Cost Rs. 50,000, Face value Rs. 40,000) at 125% of face value and brought the proceeds into her business. Her drawings were Rs. 1,000 p.m. Goods costing Rs. 11,000 were taken by her for personal use. On 31.3.2010, Capital before the following adjustments is Rs. 7,00,000, Outstanding Expenses Rs. 21,000 and Prepaid Expenses Rs. 4,000. Provide Interest on Capital @ 12% p.a. and for group incentive to staff @ 5% on Net Profit after charging such incentive and interest on capital. Calculate the Profit/Loss for the year ended 31st March, 2010.

(d) Himanshu Gupta sent out goods costing Rs. 80,000 to Navin Joshi as to show 20% profit on invoice price. 40% goods were lost in transit. 60% of the goods received were sold half at invoice price and the balance at 25% above the invoice price. Rate of Commission is 10% on sales at invoice price *plus* 50% of gross sales *less* all commission exceeds sales at invoice price. Calculate the amount of commission.

(e) A and B enter into a joint venture sharing profit and losses in the ratio 3 : 2. A purchased goods costing Rs. 2,00,000. B sold 95% goods for Rs. 2,50,000. A is entitled to get 1% commission on purchase and B is entitled to get 5% commission on sales. A drew a bill on B for an amount equivalent to 80% of original cost of goods. A got it discounted at Rs. 1,50,000. Calculate B's share of profit.

(f) How will you deal with the following items while preparing the Income and Expenditure Account for the year ending on 31st December, 2009 and the Balance Sheet as on that date?

Subscription outstanding as on 31.12.2008 : Rs. 9,500 (including Rs. 500 for 2007)

Subscription received in advance as on 31.12.,2008: Rs. 3,000 (including Rs. 200 for 2010)

Subscription received during 2009 for 2007 Rs. 400, for 2008 Rs. 8,900, for 2009 Rs. 1,34,400, for 2010 Rs. 4,000, for 2011 Rs. 1,200.

Subscription outstanding as on 31.12.2009 : Rs. 7,000.

## Section II

*Answer **Question No. 5** which is **compulsory** and **any two** questions from the rest of Section II.*

5. (a) In each of the following, one is correct, indicate the correct answer: 1×10=10

(i) Which of the following is False?

(A) Three basic objectives of Cost Accounting are to ascertain cost, to control cost and to provide information for decision making.

(B) In Cost Sheet net realizable value of normal scrap of direct materials is deducted from the cost of materials.

(C) In a Cost Sheet, Selling and Distribution Overheads are divided by the total number of units produced to arrive at selling and distribution overheads per unit.

(D) Conversion Cost is equal to direct labour cost *plus* production overheads.

(ii) Which of the following is False?

(A) Waste does not have any realizable value but scrap has small realization value.

(B) Spoilage cannot be rectified but defectives can be rectified by incurring additional materials labour and overheads costs.

(C) Scrap involves only loss of materials but spoilage involves not only the loss of materials but also of labour and overheads incurred up to stage of spoilage.

(D) In ABC analysis, 'A' group of items consists of those materials, the value of which is not high but which are used in large quantities.

(iii) Which of the following is False?

(A) Perpetual Inventory System is a system of recording stores balances after every receipt and issue to facilitate regular checking and to obviate closing down for stock-taking but Continuous Stock Taking is regular physical verification of materials throughout the year.

(B) Bin Card shows only the quantity of materials received, issued and in hand at any point of time but Stores Legder shows both the quantity and money value of materials received, issued and in hand at any point of time.

(C) Closing Stock is close to current economic value under FIFO method of pricing.

(D) LIFO method of pricing results in higher profits during the period of rising prices.

(iv) Which of the following is False?

(A) Cost of normal Waste, Scrap, Spoilage, Defectives, Idle Time and Fringe Benefits should be treated as part of cost of production.

(B) Overtime Premium due to seasonal pressure of work and Preventive Labour Turnover Costs should be treated production overheads.

(C) In Production Department Idle Time Wages and Overtime Premium due to break down of machinery should be charged to Costing Profit & Loss Account.

(D) Amount of bonus under Halsey Plan and Rowan Plan is same when time saved is exactly 50% of standard time.

(E) The total earnings are same under Taylor's Differencial Piece Rate, Merrick's Differencial Piece Rate and Gantt Task System when efficiency is exactly 100%.

(v) Which of the following is False?

(A) Allocation of overheads is the process of charging the full amount of overheads to a particular cost centre.

(B) Apportionment of overheads is the process of charging a proportion of common item of overheads to different cost centres.

(C) Absorption of overheads is the process of charging overheads to products or services.

(D) Re-apportionment of overheads is the Apportionment of overheads of Production Departments over the Service Departments.

(vi) Which of the following is False?

(A) Blanket Overhead Rate is a single rate of overhead absorption computed for the entire factory but Departmental Overhead Rates are the separate rates of overhead absorption computed for each individual department/cost centre.

(B) Actual overhead rate is calculated by dividing the actual overheads by the actual base but Pre-determined overhead rate is calculated in advance by dividing the budgeted overheads by the budgeted base.

(C) Time Booking is a system of recording the arrival and departure time of each worker but Time Keeping is a system of recording the time spent by each worker on various jobs, orders or processes.

(D) Job Costing is that form of specific order costing under which each job is treated as a cost unit and costs are accumulated and ascertained separately for each job but Process Costing is a method of costing under which all costs are accumulated for each stage of production (also called process of production) and the cost per unit of product is ascertained at each stage of production by dividing the total cost of each process by the normal output of that process.

(vii) Which of the following is False?

(A) Marginal Costing is the practice of charging all variable costs to operations, processes or products and writing off all fixed costs against profits in the period in which they arise but Absorption Costing is the practice of changing all variable manufacturing costs and fixed production overheads to operations, processes or products and writing off administration, selling and distribution overheads against profits in the period in which they arise.

(B) While valuing Stock of Work in Progress and Finished Goods fixed production overheads are included under Absorption Costing and not under Marginal Costing.

(C) Relevant costs are those future costs which differ under different alternatives. These can be changed by the decision of the management.

(D) All irrelevant costs are not sunk costs because some future costs under both the alternatives are irrelevant costs for decision making but are not sunk costs.

(E) Book value of old machine in replacement decision is a relevant cost in decision making.

(viii) Cost per unit Rs. 200, Cost of an order Rs. 100, Semi-annual carrying cost per unit 5%, Total carrying and Ordering Cost at Economic Order Quantity Rs. 4,000. EOQ is:

(A) 100 units (B) 200 units

(C) 300 units (D) None of these

(ix) Piyush & Pranav Ltd. provides you the following information:

| | | | |
|---|---|---|---|
| Activity level | 10,000 hours | 20,000 hours | 30,000 hours |
| Overheads (Rs.) | 3,00,000 | 4,20,000 | 5,40,000 |

Activity Level at which the standard overhead Rate of Rs. 15 per hour has been fixed is:

(A) 30,000 hours (B) 40,000 hours

(C) 50,000 hours (D) 60,000 hours

(x) P/V ratio 40%, Margin of Safety 60%, Sales Rs. 1,50,000, Fixed Costs are:

(A) Rs. 60,000 (B) Rs. 36,000

(C) Rs. 24,000 (D) None of these

(b) State with reasons whether the following statements are **True** or **False**: 2×5=10
(No marks shall be awarded if reason is not given)

(i) Fixed Cost per unit remains fixed but variable cost per unit vary with variation in output.

(ii) Economic order quantity is that order size at which each of he Ordering Cost and Carrying Cost is minimum.

(iii) When time saved is more than 50% of standard time Rowan Plan allows more earnings to workers than Halsey Plan.

(iv) Under/over absorption of overheads arises only when actual overhead rates are used.

(v) Marginal Costing does not differ from Direct Costing at all.

(c) Suggest the suitable Method of Costing and Cost Unit for the following industries: 2×5=10

(i) Oil Refinery (ii) Bicycle Manufacturing (iii) Interior Decoration (iv) Airlines (v) Coal

6. Attempt *any two* of the following: 2×5=10

(a) Average usage 50 units per week, Minimum re-order period 4 weeks, Maximum usage 75 units per week. Average re-order period 5 weeks, Average stock level 375 units. Calculate Re-order quantity.

(b) The cost accountant of Y Ltd. has computed labour turnover rates for the quarter ended 31st March, 2010 as 10%, 5% and 3% respectively under 'Flux Method', 'Replacement Method' and 'Separation Method'. If the number of workers replaced during that quarter is 30, find out the number of (a) workers left and discharged and (b) workers recruited and joined.

(c) Two workmen, 'A' and 'B', produce the same product using the same material. Their normal wage rate is also the same. 'A' is paid bonus according to the Rowan system, while 'B' is paid bonus according to the Halsey system. The time allowed to make the product is 50 hours. 'A' takes 30 hours while 'B' takes 40 hours to complete the product. The factory overhead rate is Rs. 5 per man hour actually worked. The factory cost for the product for 'A' is Rs. 3,490 and for 'B' it is Rs. 3,600. Compute the normal rate of wages.

(d) There are 12 holidays on account of festivals and national holidays not falling on Sundays and Saturdays. The factory works 8 hours a day and 4 hours on Saturday. Maintenance hours 200, Machine room normally works on 90% capacity throughout the year. Setting up time 10% (out of which 50% unproductive). Power consumption of machine 20 units per hour. Rate of power per 100 units Rs. 570. Calculate the Cost of Power per machine hour for the purposes of computing Machine hour rate (a) if Power is used during setting up (b) if no Power is used during setting up.

(e) Margin of Safety Rs. 64,000, Break even Sales 1,600 units, Total Cost Rs. 41,600, Margin of Safety 6,400 units. Calculate the Fixed Costs.

7. Bharat Jhunjhunwala Ltd. provides you the following figures for he year 2009-10:

| | Rs. |
|---|---|
| Direct Material | 3,20,000 |
| Direct Wages | 8,00,000 |
| Production Overheads (25% variable) | 4,80,000 |
| Administration overheads (75% Fixed) | 1,60,000 |
| Selling and Distribution Overheads (2/3rd Fixed) | 2,40,000 |
| Sales @ Rs. 125 per unit | 25,00,000 |

For the year 2010-2011, it is estimated that:

1. Output and sales quantity will increase by 20% by incurring additional Advertisement Expenses of Rs. 45,200.
2. Material Prices will go up 10%.
3. Wage Rate will go up by 5% along with, increase in overall direct labour efficiency by 12%.
4. Variable overheads will increase by 5%.
5. Fixed production overheads will increase by $33^1/_3$%.

*Required:*

(a) Calculate the Cost of Sales for the year 2009-2010 and 2010-2011. 3×2=6

(b) Find out the new selling price for the year 2010-2011

(i) if the same amount of profit is to be earned as in 2009-2010,

(ii) if the same percentage of profit to sales is to be earned as in 2009-2010,

(iii) if the existing percentage of profit to sales is to be increased by 25%,

(iv) if profit per unit Rs. 10 is to be earned. 1×4=4

8. Shri Rani Sati Ltd. provides you the following information:

| Year 2009 | | Year 2010 | |
|---|---|---|---|
| Sales | Rs. 15,00,000 | Sales | Rs. 5,00,000 |
| Total Profit | Rs. 3,60,000 | Total Cost | Rs. 5,40,000 |

During the next year 2011, the Selling Price and Variable Cost are expected to be reduced by 20% and $33^1/_3$% respectively and Fixed Costs are expected to increase by 25%.

*Required:*

(i) Estimate the Profit if Sales Units are expected to increase by 100%.

(ii) Estimate the Sales in order to increase Profit by Rs. 2,40,000 per year.

(iii) Estimate the Sales so as to earn a return of 25% on sales.

(iv) Estimate the Sales so as to earn a return of 30% on Capital Employed. Working Capital is 25% of Sales and 20% of Capital employed.

(v) Estimate the BEP for the next year 2011. 2×5=10

## CERTIFICATE IN ACCOUNTING TECHNICIANS
## FOUNDATION COURSE (ENTRY LEVEL)—PART I EXAMINATION

December 2010

*CAT–2(ACT)*
*(Hindi)*

**Accounting**

Time Allowed: 3 Hours

Full Marks: 100

*The figures in the margin on the right side indicate full marks.*
*In case of any discrepancy, examinees are advised to follow the* ***English Version.***

### भाग I

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य हैं तथा उस भाग में से कोई अन्य **2** प्रश्नों का उत्तर दीजिये।

1. (a) निम्नांकित में से एक उत्तर सही है। बताईये कौनसा : 1×9=9

(i) प्रारम्भिक पूंजी 30,000 रु०, अन्तिम पूंजी 15,000 रु०, हानि (वर्ष में) 8,000 रु० एवं आहरण 7,000 रु० के हैं। अतिरिक्त पूंजी होगी:

(A) शून्य
(B) 8,000 रु०
(C) 16,000 रु०
(D) 23,000 रु०

(ii) राम से 10% व्यापारिक छूट पर 10,000 रु० की लिस्ट मूल्य का माल क्रय किया गया। मूल्य संवर्धन कर (VAT) 10% है। क्रय खाता डेबिट किया जायेगा:

(A) 10,000 रु० से
(B) 9,000 रु० से
(C) 9,900 रु० से
(D) इनमें से किसी से नही

(iii) फर्नीचर बनाने में 1,000 रु० की लागत वाला माल (विक्रय मूल्य 1,200 रु०) प्रयोग किया गया है। उसे जमा (Credit) किया जाना चाहिये:

(A) विक्रय खाता 1,200 रु०
(B) विक्रय खाता 1,000 रु०
(C) क्रय खाता 1,000 रु०
(D) फर्नीचर खाता 1,000 रु०

(iv) रोकड बही का डेबिट शेष 112 रु० को क्रेडिट शेष के रूप में 121 रू० लाया गया। बैंक समाधान विवरण तैयार करते समय रोकड़ बही के शेष को प्रारम्भिक बिंदू मानते हुये:

(A) 112 रु० जोडे जायेंगे
(B) 233 रु० जोडे जायेंगे
(C) 121 रु० जोडे जायेंगे
(D) 112 रु० घटाये जायेंगे

(v) विक्रय 3,00,000 रु० (विक्रय मूल्य पर लाभ) लागत का $\frac{1}{3}$ विक्रय के लिये उपलब्ध माल 5,00,000 रु० क्रय 1,00,000 रु० अन्तिम रहतिया होगा:

(A) 2,00,000 रु०

(B) 3,00,000 रु०

(C) 2,75,000 रु०

(D) इनमें से कोई नही

(vi) पुरानी मशीन का क्रय 1-7-2009 को रु० 80,000/-, मरम्मत रु० 15,000, स्थापना लागत 5,000 रु०, अवशेष मूल्य रु० 20,000/-, उपयोगी जीवन 4 वर्ष लेखाकंन वर्ष-वित्तीय वर्ष। मशीन को उपयोग में लाया गया 1.10.2009 से। वर्ष 2009-10 के लिये ह्रास होगा:

(A) 20,000 रु०

(B) 15,000 रु०

(C) 10,000 रु०

(D) इनमें से कोई नही

(vii) H का तलपट निम्नलिखित सूचना प्रदान करता है:

| | रु० |
|---|---|
| अशोध्य ऋण | 3,000 |
| छूट दी गयी | 3,000 |
| अशोध्य ऋणों के लिये प्रावधान | 3,500 |
| देनदारों पर छूट के लिये प्रावधान | 3,200 |
| विविध देनदार | 50,000 |

वर्ष के अन्त में अशोध्य ऋणों के लिये प्रावधान 10% तथा छूट के लिये प्रावधान 4% रखना है। चिट्ठे में देनदार दिखाये जायेंगे :

(A) 43,200 रु०

(B) 39,744 रु०

(C) 44,700 रु०

(D) इनमें से कोई नहीं

(viii) 3 रु० प्रति किलो लागत पर व 400 रु० भाडे पर खर्च करके 2000 किलोग्राम सेव एक थोक व्यापारी को भेजे जाते हैं। 15% की हानि अवश्यम्भावी है। प्रभानी लागत प्रति किलोग्राम होगी:

(A) 2·50 रु०

(B) 3·76 रु०

(C) 1·70 रु०

(D) 1·50 रु०

(ix) 1.4.2009 को X ने Y पर 3 माह का दर्शनीय बिल लिखा जिसे Y ने 1.5.09 को स्वीकार किया। 4.6.09 को बिल को 12% वार्षिक की दर से भुना लिया गया। Y के दिवालिया हो जाने के कार बिल अनादृत हो गया और 500 रु० नोटिगं व्यय हुये। Y की सम्पत्ति से एक रूपये में 40 पैसे वसूल हुये। Y की पुस्तकों में कमी की राशि होगी :

(A) 60,000 रु०

(B) 40,000 रु०

(C) 60,300 रु०

(D) 40,200 रु०

(b) रिक्त स्थानों को भरिये: 1×5=5

(i) लेनदारों पर छूट के लिये संचय का शेष ________________ होता है।

(ii) ह्रास की WDV दर = ________________ ।

(iii) प्रेषिती द्वारा स्वीकृत प्राप्त-विपत्र को भुनाने पर छूट व्यय को ________________ खाते में डेबिट किया जाता है।

(iv) केवल ________________ सम्पत्ति ही प्रेषण और संयुक्त साहस की विषय सामग्री होती है।

(v) दर्शनी बिल की अवधि ________________ की तिथी से प्रारम्भ होती है।

(c) कारण सहित बताइये कि निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत : 2×8=16

(i) बुदिमत्ता की अवधारणा हानियों को मानने के लिये है, न की लाभों के लिये।

(ii) ह्रास की स्थायी किस्त पद्धति का पालन ह्रास एवं मरम्मत के प्रभार को एक साथ मिलाकर समान प्रभार के लिये किया जाता है।

(iii) संवर्धित रोकड़ शेष शुद्ध लाभ को दिखाते हैं।

(iv) प्रेषक और प्रेषिती में नियोक्ता और एजेन्ट का सम्बंध होता है।

(v) चालू वर्ष के आगम व्यय आगामी वर्षों के स्थगित आगम व्यय होते हैं।

(vi) स्थायी सम्पत्तियों का मूल्यांकन लागत मूल्य या शुद्ध वसूली मूल्य दोनो में से जो कम हो पर किया जाता है।

(vii) आक्समिक दायित्य एक अनिश्चित दायित्य है लेकिन उसकी राशि एवं देय तिथी निश्चित होती है।

(viii) रोकड़ पुस्तक का छूट वाला खाना या तो डेबिट शेष दिखाता है या क्रेडिट शेष

2. (a) एक शब्द या उक्ति (Phrase) में वर्णन कीजिये : ½×10=5

(i) अशोध्य ऋणों के लिये प्रावधान लेखांकन के किस सिद्धान्त का अनुपालन है?

(ii) छोटे कैलकुलेटर को सम्पत्ति न मानकर एक व्यय मानना लेखांकन के किस सिद्धान्त का अनुपालन है?

(iii) वितीय विवरणों के नीचे टिप्पणी देना लेखांकन के किस सिद्धान्त का अनुपालन है?

(iv) एक एन्ट्री (entry) जो रोकड़ पुस्तक के डेबिट व क्रेडिट में साथ साथ की जाती है।

(v) माल वापसी पुस्तक (वाह्य) में लेखा करने के लिये स्त्रोत प्रलेख (source document)

(vi) एक गलती जो पूंजी मद व आगम मद में अन्तर न करने के कारण उत्पन्न होती है।

(vii) वह क्रम जिसमें सबसे कम तरल सम्पत्ति को पहले व सबसे अधिक आवश्यक भुगतान को बाद में दिखाया जाता है।

(viii) ह्रास के लिये प्रावधान की प्रकृति।

(ix) अशोध्य ऋणों के लिये प्रावधान की प्रकृति।

(x) वें खाते जिनका शेष नहीं निकाला जाता ब्लकि बंद किये जाते हैं।

(b) निम्नलिखित के आधारभूत उद्देश्यों को बताइये: 1×5=5

(i) बैंक समाधान विवरण।

(ii) तलपट।

(iii) उचन्त खाता।

(iv) गलतियों के सुधार के लिये लाभ-हानि समायोजन खाता।

(v) आय विवरण।

3. (a) राकेश बिहारी मित्तल के लिये निम्नलिखित व्यवहारों की लेखांकन समीकरण दीजिये: ½×6=3

(i) 30,000 रु० की लागत का माल श्याम को 50,000 रु० में बेचा गया।

(ii) घर में प्रयोग के लिये 15,000 रु० के माल का क्रय जिसके लिये 5,000 रु० नकद दिये व शेष की व्यवस्था ऋण द्वारा की गयी।

(iii) 50,000 रु० के शेष के पूर्ण भुगतान में श्याम से 49,500 रु० प्राप्त हुये।

(iv) 500 रु० वेतन चुकाया एवं 100 रु० अभी अदत्त है।

(v) अग्रिम भुगतान किया गया किराया रु० 200/-।

(vi) व्यक्तिगत प्रयोग के लिये 500 रु० की लागत का माल निकाला गया जिसका विक्रय मूल्य 600 रु० है।

(b) अंजु मित्तल की पुस्तकों में निम्नलिखित के लिये जर्नल लेखे दीजिये: 1×3=3

(i) श्याम की तरफ बकाया 1000 रु० में से 975 रु० मिले।

(ii) अनिल को 40,000 रु० की लागत का माल विक्रय मूल्य पर 20% लाभ और उसमें से 20% व्यापारिक छूट पर मूल्य 10% संवर्धन कर पर बेचा गया ।

(iii) विशाल पांडे से 1000 रु० के गतवर्ष में अपलिखित अशोध्य ऋण के बदले में 975 रु० प्राप्त हुये।

(c) कपडे के व्यापारी प्रार्थना मित्तल की सहायक पुस्तकों में निम्न गलतियों के सुधार के लिये जर्नल लेखे कीजिये : 1×4=4

(i) X को 17 रु० की नकद बिक्री को 71 रु० लिखा गया।

(ii) Y को 17 रु० की उधार बिक्री को 71 रु० लिखा गया।

(iii) Z को 17 रु० की फर्नीचर की उधार बिक्री को 71 रु० लिखा गया।

(iv) कृष्ण को 423 रु० की उधार बिक्री को क्रय पुस्तक में 432 रु० लिखा गया जहां से उसे कृष्ण के खाते में 423 रु० जमा कर दिया गया।

4. निम्नलिखित में से किन्ही चार का उत्तर दीजिये: 2·5×4=10

(a) 1.4.2009 को X ने Y पर 2,00,000 रु० का 3 माह का बिल लिखा। Y ने बिल स्वीकार कर लिया तथा X ने उसे 1,95,000 रु० में भुना लिया। X ने तुरन्त Y को 97,500 रु० भेज दिये। देय तिथी पर X द्वारा Y का रूपया भेजने की असमर्थता के कारण, उसने 1,20,000 रु० का 2 माह का बिल स्वीकार किया जिसे Y ने 1,17,600 रु० में भुना लिया तथा Y ने X को 7,800 रु०भेज दिये 7,800 रु० भेजते समय X पर छूट का कितना भार पडेगा?

(b) भारत तुषार की पुस्तकों में, जो कि 10% घटते शेष की प्रणाली द्वारा ह्रास काटती है, 1.4.2009 को 29,160 रु० का मशीन का शेष है। 31.3.2010 को कम्पनी ने 1.4.2006 से ह्रास की स्थायी किस्त पद्धति को अपनाया। ह्रास की दर वही रही। ह्रास की पद्धति में परिवर्तन पर जर्नल लेखा दीजिये।

(c) निकिता ने 1.7.2009 को 5,00,000 रु० से व्यापार आरम्भ किया। 1.10.2009 को उसने अपने निजी विनियोगों से (लागत 50,000 रु०, अंकित मूल्य 40,000 रु०) 125% की दर से वसूली कर ली और इस धन को भी व्यवसाय में लगा दिया, उसके आहरण 1,000 रु० प्रति माह के थे। व्यक्तिगत प्रयोग कि लिये 11,000 रु० का माल भी व्यवसाय से निकाला। 31.3.2010 को निम्नलिखित समायोजनों से पूर्व उसकी पूंजी 7,00,000 रु० थी।

अदत व्यय 21,000 रु० पूर्वदत्त व्यय 4,000 रु० । पूंजी पर ब्याज 12% वार्षिक। स्टाफ के लिये ग्रुप प्रोत्साहन 5% जिसकी गणना पूंजी पर ब्याज व ग्रुप प्रोत्साहन से पूर्व के शुद्ध लाभ पर की जानी है। 31.3.2010 वर्ष के लिये लाभ/हानि की गणना कीजिये।

(d) हिमांशु गुप्ता ने नवीन जोशी को 80,000 रु० की लागत का माल बीजक मूल्य पर 20% लाभ पर भेजा। रास्ते में 40% माल खोगया। प्राप्त माल का 60% बीजक मूल्य के आधे पर बेच दिया और शेष माल बीजक मूल्य से 25% उपर पर बेच दिया। कमीशन की दर–बीजक मूल्य पर बिक्री पर 10% और सकल बिक्री में से कमीशन घटाकर, जो बीजक मूल्य का आधिक्य बचा उस पर 50%। कमीशन की राशि की गणना कीजिये।

(e) A और B एक संयुक्त उपक्रम में 3 : 2 के लाभ–हानि के भागीदार है। A ने 2,00,000 रु० की लागत का माल क्रय किया। B ने माल का 95% 2,50,000 रु० में बेच दिया। A को क्रय पर 1% और B को विक्रय पर 5% कमीशन मिलता है। A ने B पर माल की मूल लागत के 80% का बिल लिखा जिसे A ने 1,50,000 रु० में भूना लिया। लाभ में B के भाग की गणना कीजिये।

(f) 31.12.2009 को समाप्त हुये वर्ष पर लाभ–हानि खाते व चिट्ठे में निम्न मद किस प्रकार दिखायेंगें?
31.12.2008 को अप्राप्त चंदा 9,500/- रु० (2007 के 500 रु० सहित)।
31.12.2008 को पूर्व प्राप्त चंदा 3000 रु० (2010 के लिये 200 रु० सहित)।
2009 में प्राप्त चंदा 2007 के लिये 400 रु०, 2008 के लिये 8,900 रु०, 2009 के लिये रु० 1,34,400 और 2010 के लिये 4,000 रु० तथा 2011 के लिये 1200 रु० 31.12.2009 को अप्राप्त चंदा 7,000 रु०।

## भाग II

प्रश्न संख्या **5** अनिवार्य हैं और शेष प्रश्नों में से किन्हीं **2** का उत्तर दीजिये।

5. (a) निम्नलिखित में प्रत्येक में एक सही है। सही उत्तर बताइये: $1\times10=10$

(i) निम्नलिखित में से कौनसा गलत है?

(A) लागत लेखांकन के तीन मूल उद्देश्य हैं—लागत निर्धारण, लागत नियन्त्रण, और निर्णयन के लिये सूचना प्रदान करना।

(B) लागत–पत्र में प्रत्यक्ष सामग्री के सामान्य स्क्रैप के वसूली मूल्य को माल की लागत में से घटाते हैं।

(C) प्रति इकाई विक्रय एवं वितरण ज्ञात करने के लिये लागत पत्र में वर्णित विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययों को उत्पादित इकाइयों की संख्या से भाग देते हैं।

(D) परिवर्तन लागतें (conversion costs) प्रत्यक्ष श्रम एवं उत्पादन उपरिव्ययों के योग को कहते हैं।

(ii) निम्नलिखित में से कौनसा गलत है?

(A) नष्ट (waste) का कोई वसूली मूल्य नहीं होता जबकि स्क्रैप का अल्प (small) वसूली मूल्य होता है।

(B) खराब (spoilage) को ठीक नही किया जा सकता जबकि दोषपूर्ण (defectives) को अतिरिक्त सामग्री, श्रम एवं उपरिव्ययों को लगाकर ठीक (rectified) किया जा सकता है।

(C) स्क्रैप में केवल सामग्री की हानि होती है जबकि खराब (spoilage) में न केवल सामग्री की हानि होती है, ब्लकि श्रम और उन उपरिव्ययों कीमी हानि होती है जो खराब होने (spoilage) की अवस्था तक हो चुके हैं।

(d) ABC विश्लेषण में A वर्ग में सामग्री की उन मदों को शामिल करते हैं जिनका मूल्य तो अधिक नहीं होता ब्लकि वे बडी मात्रा में प्रयुक्त होती हैं।

(iii) निम्नलिखित में से कौनसा गलत है?

(A) साश्वत स्टॉक पद्धति के अन्तर्गत स्टोर में प्रत्येक मद के प्राप्त होने व निर्गमन होने पर उसे दर्ज किया जाता है ताकि नियमित जांच में सहायता मिले और स्टॉक-मूल्यांकन (Stock Taking) के समय आगम-निर्गम बंद न करना पडे जबकि सतत स्टॉक मूल्यांकन के अन्तर्गत स्टॉक का सत्यापन पूरे वर्ष नियमित रूप से किया जाता है।

(B) किसी भी समय बिंदू पर 'बिन–कार्ड' केवल प्राप्त निर्गमित एवं शेष सामग्री को दर्शाता है। जबकि स्टोर लेजर किसी समय बिंदू पर प्राप्त, निर्गमित और हस्थस्त माल की मात्रा तथा मूल्य दोनों बताता है।

(C) 'फिफो' पद्धति के अन्तर्गत अन्तिम रहतिये का मूल्य वर्तमान आर्थिक मूल्य के समीप होता है।

(D) स्टॉक मूल्यांकन की 'लिफो' पद्धति बढ़ते मूल्यों की प्रवृति में अधिक लाभ प्रदर्शित करते हैं।

(iv) निम्नलिखित में से कौनसा गलत है?

(A) सामान्य बर्बादी (normal waste) , स्क्रैप, नष्ट (spoilage), दोषपूर्ण (defectives), बेकार समय (idle time) और अनुषंगी लाभ (fringe benefits) को उत्पादन लागत का भाग माना जाना चाहिये।

(B) काम की मौसमी अधिकता के कारण दी जाने वाली अधिसमय प्रीमियम और रोकी जा सकने वाली श्रम आवर्त लागतों को उत्पादन उपरिव्ययों में सम्मिलित किया जाना चाहिये।

(C) हैल्से व रोवन बोनस योजनाओं के अन्तर्गत बोनस की राशि एक समान होगी जब बचाया गया समय प्रमापित समय का 50% हो।

(D) जब श्रम क्षमता 100% होती है तब टेलर की भिन्नात्मक कार्यानुसार दर, मैरिक की भिन्नात्मक कार्यानुसार दर एवं गैन्ट कार्य पद्धति में कुल आय एक समान होती है।

(v) निम्नलिखित में से कौनसा गलत है?

(A) उपरिव्ययों के बटवारे से तात्पर्य उस प्रक्रिया से है जिसके अन्तर्गत सम्पूर्ण उपरिव्यय एक विशेष लागत केन्द्र से वसूल (charge) किये जाते हैं।

(B) उपरिव्ययों का बटवारा एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके अन्तर्गत सामान्य उपरिव्ययों के एक भाग को विभिन्न लागत केन्द्रों पर फैलाया जाता है।

(C) उपरिव्ययों का अवशोषण (absorption) एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके अन्तर्गत उपरिव्यय उत्पादों या सेवाओं पर फैलाये जाते हैं।

(D) उपरिव्ययों के पुन: बटवारे में उत्पादन विभागों के उपरिव्यय सेवा विभागों में पुन: आवंटित किये जाते है।

(vi) निम्नलिखित में से कौनसा गलत है?

(A) उपरिव्ययों के अवशोषण हेतु पूरे कारखाने के लिए **समग्र उपरिव्यय दर** (Blanket Rate) एकल दर होती है जबकि विभागीय उपरिव्ययों के अवशोषण के लिए प्रत्येक विभाग/लागत केन्द्र के लिए पृथक होती है।

(B) वास्तविक उपरिव्यय दर की गणना वास्तविक उपरिव्ययों को वास्तविक आधार से भाग देकर ज्ञात की जाती है लेकिन पूर्व-निर्धारित उपरिव्यय दर की पहले ही (in advance) बजटित उपरिव्ययों को बजटित आधार से भाग देकर ज्ञात की जाती है।

(C) समय बुकिंग (Time Booking) में प्रत्येक कर्मचारी के आने व जाने का समय दर्ज किया जाता है जबकि समय निगहबानी रखने (Time Keeping) में कर्मचारियों द्वारा विभिन्न कार्यों (Jobs), आदेशों और प्रक्रियाओं में लगे समय को दर्ज किया जाता है।

(D) **जॉब लागत निर्धारण** किसी विशिष्ट आदेश की लागत निर्धारण का वह रूप है जिसके अन्तर्गत प्रत्येक जॉब को लागत **की इकाई** मानी जाती है और प्रत्येक कार्य के लिए लागतें संचित व निश्चित की जाती है जबकि प्रक्रिया लागत लेखांकन में सभी लागतें उत्पादन की प्रत्येक अवस्था के लिए संचित की जाती हैं (इसे उत्पादन प्रक्रिया भी कहते है) और प्रति इकाई लागत की गणना उत्पादन की प्रत्येक अवस्था के लिये प्रक्रिया की कुल लागत को उस प्रक्रिया के सामान्य उत्पादन से भाग देकर ज्ञात की जाती है।

(vii) निम्नलिखित में से कौनसा गलत है?

(A) सीमांत लागत पद्धति के अन्तर्गत सभी परिवर्तनशील लागतें कार्यों (Operations) पर, प्रक्रियाओं पर या उत्पादों पर डाली/फैलायी जाती हैं और स्थायी लागतें उस अवधि के लाभों से वसूल की जाती है जिस अवधि की वें होती हैं

लेकिन अवशोषण पद्धति के अन्तर्गत सभी परिवर्तनशील एवं स्थायी उपरिव्यय कार्यों, प्रक्रियाओं या उत्पादों पर डाले जाते हैं और प्रशासनिक, विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय उस अवधि के लाभों से वसूल किये जाते हैं जिस अवधि के वें होते हैं।

(B) प्रगति में कार्य (Work-in-Progress) और तैयार माल का मूल्यांकन करने में स्थिर उत्पादन उपरिव्ययों की अवशोषण लागत को लेखांकन में तो सम्मिलित किया जाता है लेकिन सीमांत लागत लेखांकन में नही।

(C) सम्बन्धित लागतें (Relevant Costs) वे भावी लागतें है जो भिन्न भिन्न विकल्पों में भिन्न भिन्न होती हैं। इन्हे प्रबंधकीय निर्णय से बदला जा सकता है।

(D) सभी असम्बन्धित लागतें (Irrelevant Costs) डूबत (Sunk) लागतें नही होती, क्योंकि कुछ भावी लागतें दोनों विकल्पों में निर्णयन के लिये असम्बन्धित होती है लेकिन वें डूबत लागते नहीं होती।

(E) प्रतिस्थापन निर्णयन में पुरानी मशीन का पुस्तकीय मूल्य सम्बन्धित लागत (Relevant Cost) होता है।

(viii) प्रति इकाई लागत 200 रु०, प्रति आदेश लागत 100 रु० प्रति इकाई स्टॉक रखने की अर्ध–वर्षीय लागत (Carrying Costs) 5%, EOQ पर स्टॉक रखने की कुल लागत तथा आदेश लागत 4,000 रु० है। EOQ होगी

(A) 100 इकाईयाँ

(B) 200 इकाईयाँ

(C) 300 इकाईयाँ

(D) इनमें से कोई नहीं

(ix) पीयूष और प्रभब लि० आपको निम्नलिखित सूचना प्रदान करती है:

| क्रिया–स्तर | 10,000 घंटे | 20,000 घंटे | 30,000 घंटे |
|---|---|---|---|
| उपरिव्यय (रु) | 3,00,000 | 4,20,000 | 5,40,000 |

क्रिया–स्तर जिसके लिये प्रमापित उपरिव्यय दर 15 रु० प्रति घंटा है, वह होगा

(A) 30,000 घंटे

(B) 40,000 घंटे

(C) 50,000 घंटे

(D) 60,000 घंटे

(x) लाभ–मात्रा अनुमान 40%, सुरक्षा सीमा 60%, बिक्री 1,50,000 रु० स्थिर लागतें होंगी

(A) 60,000 रु०

(B) 36,000 रु०

(C) 24,000 रु०

(D) इनमें से कोई नहीं

(b) कारण सहित बताइये कि निम्नलिखित सत्य हैं या असत्य: 2×5=10

(i) स्थायी लागते प्रति इकाई स्थिर रहती हैं लेकिन परिवर्तनशील लागतें प्रति इकाई उत्पादन के साथ परिवर्तित होती हैं।

(ii) मितव्ययता आदेश मात्रा पर आदेश लागतें और माल रखने की लागतें न्यूनतम होती है।

(iii) जब बचाया गया समय प्रमापित समय के 50% से अधिक होता है तो कर्मचारी को रोवन योजना में हैल्से योजना की अपेक्षा अधिक आय होती है।

(iv) उपरिव्ययों का न्यून या अति अवशोषण तब उत्पन्न होता है जब केवल वास्तविक उपरिव्यय दरें प्रयुक्त होती हैं।

(iv) सीमांत लागत लेखांकन प्रत्यक्ष लागत लेखांकन से बिल्कुल भी भिन्न नहीं है।

(c) निम्नलिखित उद्योगों के लिये उपयुक्त लागत पद्धति एवं लागत की इकाई सुझाइये: 2×5=10

(i) तेल शोधन

(ii) बाईसिकल उत्पादन

(iii) आन्तरिक सजावट

(iv) उड्ड्यन

(v) कोयला

6. निम्नलिखित में से किन्ही दो को कीजिये: 5×2=10

(a) प्रति सप्ताह औसत 50 इकाईयों का प्रयोग, न्यूनतम पुन: आदेश अवधि 4 सप्ताह, प्रति सप्ताह अधिकतम उपयोग 75 इकाईयाँ, औसत पुन: आदेश अवधि 5 सप्ताह, औसत स्टॉक स्तर 375 इकाईयां। पुन: आदेश स्तर की गणना कीजिये।

(b) फ्लक्स पद्धति पुनर्स्थापन पद्धति और प्रथकीकरण पद्धति के अनुसार Y लि० के लेखापालक ने 31 मार्च 2010 को समाप्त होने वाली तिमाही के लिये क्रमश: 10%, 5% और 3% श्रम आवर्त की गणना की है। यदि इस तिमाही में पुनर्स्थापित कर्मचारियों की संख्या 30 थी तो ज्ञात कीजिये

(a) छोडकर गये व हटाये गये कर्मचारी और

(b) भर्ती और नौकरी पर आये कर्मचारी।

(c) दो कर्मचारी A और B एक ही प्रकार की सामग्री से एकही उत्पाद बनाते हैं। उनकी सामान्य मजदूरी की दर भी समान है। A को रोवन पद्धति से बोनस मिलता है जबकि B को हैल्से पद्धति से बोनस मिलता है। उत्पाद को बनाने में स्वीकृत घंटे 50; A को 30 घंटे जबकि B को उत्पाद बनाने में 40 घंटे लगे। कारखाना उपरिव्यय दर 5 रु० प्रति मानव-घंटा (man-hour)। उत्पाद की कारखाना लागत A के लिये 3,490 रु० है और B के लिये 3,600 रु० है। मजदूरी की सामान्य दर ज्ञात कीजिये।

(d) रविवार एवं शनिवार को छोडकर वर्ष में त्योहारों और राष्ट्रीय छुट्टियों की संख्या 12 है। कारखाने में प्रतिदिन 8 घंटे काम होता है और शनिवार को 4 घंटे। रखरखाव के घंटे 200, पूरे वर्ष में मशीन रुम 90% क्षमता पर कार्य करता है। सैटिंग समय 10% (जिसमें से 50% अनुत्पादक होता है)। मशीन प्रति घंटा 20 पॉवर की इकाईयां खाती है। 100 इकाई पॉवर का मूल्य 570 रु० है। मशीन घंटा दर की गणना करने के लिये प्रति घंटा पॉवर की लागत ज्ञात कीजिये यदि (i) सैटिंग समय में पॉवर प्रयोग होती है और (b) यदि सैटिंग समय में पॉवर प्रयोग नहीं होती।

(e) सुरक्षा सीमा 64,000 रु० सम-विच्छेद विक्री 1,600 इकाईयां, कुल लागत 41,600 रु०, सुरक्षा सीमा 6,400 इकाईयां। स्थिर लागतें ज्ञात कीजिये।

7. वर्ष 2009-10 के लिये भारत झुनझुनुवाला लि० आपको निम्नलिखित सूचना प्रदान करती है :

| | रु० |
|---|---|
| प्रत्यक्ष सामग्री | 3,70,000 |
| प्रत्यक्ष श्रम | 8,00,000 |
| उत्पादन उपरिव्यय (25% परिवर्तनशील) | 4,80,000 |
| प्रशासनिक उपरिव्यय (75% स्थायी) | 1,60,000 |
| विक्रय एवं वितरण व्यय $^2/_3$ स्थायी | 2,40,000 |
| बिक्री 125 रु प्रति इकाई | 25,00,000 |

वर्ष 2010-11 के लिये अनुमान है कि:

1. उत्पादन व बिक्री की मात्रा विज्ञापन पर 45,200 रु० व्यय करके 20% बढ जायेगी।
2. सामग्री मूल्य 10% बढेंगे।
3. प्रत्यक्ष श्रम क्षमता में 12% वृद्धि के साथ मजदूरी दरें 5% बढ जायेंगी।
4. परिवर्तनशील उपरिव्यय 5% बढेंगे।
5. स्थायी उत्पादन उपरिव्यय में $33^1/_3$ % की वृद्धि होगी।

ज्ञात कीजिये: 3×2=6

(a) वर्ष 2009-10 और 2010-11 के लिये बिक्री की लागत।

(b) वर्ष 2010-11 के लिये नया विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिये यदि

(i) लाभ 2009-10 जितना ही कमाना है,

(ii) बिक्री पर लाभ का वही प्रतिशत रहे जो कि 2009-10 में था,

(iii) यदि लाभ की बिक्री की वर्तमान दर को 25% से बढा दिया जाये,

(iv) यदि प्रति इकाई 10 रु० लाभ अर्जित करना हो 1×4=4

8. श्री रानी सति लि० आपको निम्नलिखित सूचना प्रदान करती है:

| वर्ष 2009 | | वर्ष 2010 | |
|---|---|---|---|
| विक्रय | रु० 15,00,000 | विक्रय | रु० 5,00,000 |
| कुल लाभ | रु० 3,60,000 | कुल लागत | रु० 5,40,000 |

अगले वर्ष 2010 में विक्रय मूल्य तथा परिवर्तनशील लागतें क्रमशः 20% व $33\frac{1}{3}$ से कम हो जायेंगी। स्थायी लागतों में 25% वृद्धि होने की सम्भावना है।

ज्ञात कीजिये:

(i) लाभ का अनुमान लगाइये यदि विक्रित इकाईयों की संख्या 100% से बढ जाये।

(ii) 2,40,000 रु० के प्रति वर्ष लाभ के लिये बिक्री ज्ञात कीजिए।

(iii) बिक्री का 25% लाभ कमाने के लिये बिक्री।

(iv) विनियोजित पूंजी पर 30% आय (return) के लिये बिक्री। चालुपूंजी बिक्री की 25% तथा विनियोजित पूंजी की 20% है।

(v) वर्ष 2011 के लिये सम-बिच्छेद बिंदु। 2×5=10